58

# बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्

(जैव विविधता अधिनियम–2002 के अंतर्गत गठित सरकार का एक स्वायत्त सांविधिक निकाय)

पत्रांक :– जै0-609, दिनांक :– 21.10.2024

प्रेषक,

**एस० चन्द्रशेखर,** भा.व.से.,
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

सेवा में,

**सरकार के सचिव,**
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,
**बिहार, पटना।**

विषय : **बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना के कार्यालय संचालन हेतु विभिन्न कोटि के कुल पाँच (05) संविदा आधारित पदों पर नियोजन सम्बन्धी सूचना प्रकाशित करने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना के लिये बिहार सरकार द्वारा सृजित विभिन्न कोटि के कुल पाँच (05) संविदा आधारित पदों पर नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने की आवश्यकता है। उल्लेख करना प्रसांगिक है कि इन पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में भी विज्ञापन प्रकाशित कर नियोजन प्रक्रिया अपनायी गयी परन्तु योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो सके। जिन पाँच (05) पदों पर नियोजन की कार्रवाई की जानी है उनके सम्बन्ध में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्ति की संख्या के साथ रिक्ति की तिथि सम्बन्धी प्रतिवेदन पत्र के साथ संलग्न है।

तद्आलोक में रिक्त पदों पर नियोजन हेतु विज्ञापन तैयार कर पत्र के साथ संलग्न प्रेषित है।

अनुरोध है कि विज्ञापन को न्यूनतम स्पेस में प्रमुख समाचार पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में दिनांक–31.10.2024 तक प्रकाशित कराने हेतु यथोचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु॰–विज्ञापन की हार्ड कॉपी
एवं सॉफ्ट कॉपी।

विश्वासभाजन
21/10/24
(एस० चन्द्रशेखर)
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

चतुर्थ तल, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परिसर, शास्त्री नगर, पटना–800023
☎ 0612-2952412 bdbihar@bihar.gov.in https://bsbb.bihar.gov.in

D:\Office Work\Hindi letter current bsbb\Hindi letter current bsbb.doc)-190

# बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना के कार्यालय संचालन हेतु संविदा आधारित स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्ति की स्थिति।

| क्रम सं० | पद का नाम | स्वीकृत पदों की संख्या | कार्यरत बल | | रिक्ति | | रिक्ति की तिथि | अभियुक्ति। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | कोटि | संख्या | कोटि | | |
| 1. | उप–निदेशक | 2 | 1 | सामान्य | 1 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 03.12.2019 | पद–स्वीकृति की तिथि 03.12.2019 से रिक्त है। इसके विरूद्ध तीन बार विज्ञापन प्रकाशित किया गया, परन्तु योग्य पदाधिकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण चयन समिति द्वारा अनुशंसा नहीं की जा सकी। |
| 2. | जी.आई.एस. पदाधिकारी | 1 | शून्य | सामान्य | 1 | सामान्य | 11.06.2024 | पूर्व नियुक्त पदाधिकारी द्वारा दिनांक–10.06.2024 को अपने पद से त्याग पत्र देने के कारण यह पद रिक्त है। |
| 3. | लेखा पदाधिकारी | 1 | शून्य | सामान्य | 1 | सामान्य | 03.12.2019 | पद–स्वीकृति की तिथि 03.12.2019 से रिक्त है। इसके विरूद्ध तीन बार विज्ञापन प्रकाशित किया गया, परन्तु योग्य पदाधिकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण चयन समिति द्वारा अनुशंसा नहीं की गई। |
| 4. | वरीय कार्यालय सहायक | 1 | शून्य | सामान्य | 1 | सामान्य | 01.01.2024 | पूर्व में नियुक्त वरीय कार्यालय सहायक की सेवा दिनांक 31.12.2023 को 65वर्ष पूर्ण होने के पश्चात इनकी सेवा समाप्त हो गयी। |
| 5. | कार्यालय सहायक | 2 | 2 | सामान्य (1) अत्यंत पिछड़ा वर्ग (1) | 1 | सामान्य | 31.12.2024 | वर्तमान में कार्यरत एक कार्यालय सहायक का यह पद दिनांक 31.12.2024 को 65 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात दिसम्बर–2024 में इनकी सेवा समाप्त हो जायेगी। |

21/10/24

सचिव
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद, पटना।

# बिहार सरकार

## बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग)

संख्या– ....../...... .10.2024

**नियोजन सूचना**

बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् के कार्यों के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पत्रांक–2/वन्यप्राणी–13/2017–1708 (ई०)/प०व०ज०प०, दिनांक–03.12.2019) सृजित संविदा आधारित निम्नांकित कोटि के पदों पर संविदा नियोजन हेतु पेशेवर एवं तकनिकी रूप से दक्ष इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | पदनाम | संख्या एवं आरक्षण श्रेणी | योग्यता | 01.10.2024 को अधिकतम उम्र | मानदेय मासिक (रू॰ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Deputy Director | (01) Extremely Backward Class | **Serving or retired official** of State Forest Service, Govt. of Bihar not below the rank of Assistant conservator of Forest (ACF). (**On Deputation:** Serving official under Govt. of Bihar/ Govt. of India/any other State Govt./PSUs/autonomous organisation under GOI/GOB/any other State Govt.)<br>**or**<br>**Assistant Professor** in educational/professional institution serving/last served in pay scale not below level 10 of UGC pay matrix<br>or<br>**Scientist** serving / last served in pay scale not less Grade "B"<br>or<br>**Open Source:**<br>(i) **Educational eligibility:** Master's Degree or equivalent in Forest Management from a recognised institute.<br>**(ii) Professional experience:** At least 5 years of experience in related field. Excellent written and oral communication skills in English and Hindi. | **For Serving Person** (On Deputation): 57 Years<br>**For Retired Person:** 63 Years<br>**For Contractual Person:**<br>General (Male)- 40 Years<br>General (Female): 43 Years<br>BC/EBC (Male&Female): 43 Years<br>SC/ST (Male & Female): 45 Years | **For Serving Person** (On Deputation): Grade Pay (+) Allowances.<br>**For Retired Person** having Pension Benefit: Last Pay Drawn (-) Pension.<br>**On Contract** (From Open Source): Rs.80,000/- Per Month |
| 2 | GIS and Remote Sensing Officer | (01) Unreserved | **Open Source:**<br>**Educational:** Master's degree (Msc. or M. Tech) in GIS/ Remote Sensing from Recognised & Premier Institute.<br>**Professional: Experience**<br>• At least 3 years of experience in related field. | General (Male)- 40 Years<br>General (Female): 43 Years<br>BC/EBC (Male&Female): 43 Years<br>SC/ST (Male & Female): 45 Years | **On Contract** (From Open Source): Rs.45,000/- Per Month |
| 3 | Accounts Officer | (01) Unreserved | **Serving or retired official** of Bihar Financial Services in pay scale not less than level-9 of pay matrix. (**On Deputation:** Serving official under Govt. of Bihar/ Govt. of India/any other State Govt./PSUs/autonomous organisation under GOI/GOB/any other State Govt.)<br>or | **For Serving Person** (On Deputation): 57 Years<br>**For Retired Person:** 63 Years<br>**For Contractual Person:**<br>General (Male)- 40 Years<br>General (Female): 43 Years<br>BC/EBC (Male&Female): | **On Deputation:** Grade Pay (+) Allowances.<br>**For Retired Person** having Pension Benefit: Last Pay Drawn (-) Pension. |

55

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **Open Source:**<br>**(i) Educational eligibility:** Chartered Accountant (CA)/ Institute of Cost and Work Accountants of India (ICWA).<br>**(2) Professional experience**: At least 3 years of experience in handling national / international funded projects, internal audit. | 43 Years<br>SC/ST (Male & Female): 45 Years | **On Contract (From Open Source):** Rs.60,000/- Per Month |
| 4 | Senior Office Assistant | (01) Unreserved | Serving or retired Upper Divisional Clerk, Govt. of Bihar in pay band PB-2 and level-6 or above of pay matrix. | **For Serving Person (On Deputation):** 57 Years<br>**For Retired Person:** 63 Years | **On Deputation:** Grade Pay (+) Allowances.<br>**For Retired Person** having Pension Benefit: Last Pay Drawn (-) Pension. |
| 5 | Office Assistant | (01) Unreserved | Serving or retired Upper Divisional Clerk, Govt. of Bihar of not less than pay band PB-2 and level-6 of pay scale | **For Serving Person (On Deputation):** 57 Years<br>**For Retired Person:** 63 Years | **On Deputation:** Grade Pay (+) Allowances.<br>**For Retired Person** having Pension Benefit: Last Pay Drawn (-) Pension. |

**नियोजन से संबंधित शर्तेः–**

1. संविदा आधारित सेवा में नियुक्ति बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना द्वारा खुले विज्ञापन के माध्यम से विनिर्धारित चयन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा।
2. संविदा आधारित सेवा 03 वर्ष अथवा 65 वर्ष तक जो पहले हो, के लिए एकरारनामा के आधार पर की जायेगी। आवश्यकता एवं संतोषप्रद सेवा रहने के आधार पर सेवा को प्रत्येक बार तीन वर्ष के लिए (65 वर्ष पूर्ण होने तक) बढ़ायी जा सकेगी। प्रत्येक वर्ष कार्यों की समीक्षा की जायेगी तथा कार्य संतोषप्रद न होने पर सेवा समाप्त की जा सकेगी।
3. प्रतिनियुक्ति अथवा सेवा निवृत व्यक्तियों से भिन्न नियुक्ति के मामलों में सेवा विस्तार के दौरान मासिक पारिश्रमिकी वृद्धि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की अनुशंसाओं के आधार पर अनुमान्य होगी।
4. विशिष्ट शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर मानदेय में वृद्धि के संबंध में गठित समिति द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा।
5. प्रतिनियुक्ति अथवा सेवा निवृत व्यक्तियों से भिन्न नियुक्ति के मामलों में मासिक पारिश्रमिक की राशि में EPF सेवक तथा नियोजक के EPF में अंशदान की राशि सम्मिलित होगी। निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।
6. संविदा आधारित सेवा अवधि में राजपत्रित अवकाश के अलावे संविदा कर्मियों को 12 दिनों का आकस्मिक अवकाश देय होगा। वर्ष में प्रत्येक माह की सेवा पर दो दिन के दर से उपार्जित अवकाश अनुमान्य होगा, परन्तु अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के लिए नकदी भुगतान देय नहीं होगा।
7. सरकारी कार्य पर यात्रा व्यय बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना द्वारा निर्धारित दर के अनुसार किया जायेगा।
8. संविदा आधारित सेवा हेतु अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष की होगी।
9. यह नियोजन पूर्णतः अस्थाई होगा तथा भविष्य के लिये नियमित नियुक्ति का आधार नहीं बन सकेगा।

सामान्य अनुदेशः–

1. लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखा जाना आवश्यक है।
2. नियोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्र वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/forest/ *and* https://bsbb.bihar.gov.in के Recruitment Section से प्राप्त किया जा सकता है।
3. Online आवेदन भरने से पहले Proforma for Application को भरकर स्वअभिप्रमाणित किया जाना अपेक्षित होगा ताकि Online आवेदन भरने की प्रक्रिया में इसे Upload किया जा सके।
4. Online आवेदन भरने के पश्चात Confirmation message के Screen Shot की छाया प्रति मूल आवेदन के साथ संलग्न करना अपेक्षित होगा।

5. आवेदन के साथ दो फोटो (एक अभिप्रमाणित फोटो निर्धारित आवेदन पत्र पर एवं एक स्वहस्ताक्षरित फोटो अलग से), शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र तथा आयु प्रमाण की राजपत्रित पदाधिकारियों द्वारा सत्यापित छाया प्रतियाँ 25 x10 से०मी० आकार का पता लिखित जिसपर 25–25 रूपया का डाक टिकट लगा हो, संलग्न किया जाना आवश्यक है।

6. आवेदक अपना आवेदन निबंधित डाक से अध्यक्ष, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना के कार्यालय चतुर्थ तल, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परिसर, शास्त्री नगर, पटना–800023 के पते पर भेजेंगे।

7. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक– 25.11.2024 अपराह्न 5:00 बजे है।

8. अपूर्ण आवेदन अथवा बिना आवश्यक सत्यापित प्रमाण पत्रों वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9. सचिव, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना द्वारा किसी आवदेन को स्वीकार करना अथवा अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकार करने तथा अपरिहार्य परिस्थिति में नियोजन प्रक्रिया को रदद करने का अधिकार सुरक्षित रखा जाता है।

10. बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना के पास साक्षात्कार हेतु आवेदकों की संक्षिप्त सूची (Short list) तैयार करने की शक्ति होगी तथा Shortlisted अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। केवल न्यूनतम अर्हता ही साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने का आधार नहीं होगा।

उपर्युक्त शर्तों के आधार पर अर्हताधारी इच्छुक आवेदकों से संविदा पर नियोजन हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। प्रपत्र विभागीय वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/forest/ *and* https://bsbb.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

21/10/24

(एस० चन्द्रशेखर)
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

53

## PROFORMA FOR APPLICATION FOR CONTRACTUAL EMPLOYMENT IN BIHAR STATE BIODIVERSITY BOARD

**(For Serving and Retired Person)**

Self attested
Passport
Size photo

**1. Advertisement No:**

**2. Name of the Post:**

**3. Name (in block letters):**

**4. Present/Last Basic Pay & Scale:**

**5. Date of Birth:**

**6. Nationality:**

**7. Father's/Husband's Name:**

**8. Address for correspondence:**

..............................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................

**Including telephone:** ......................................................

**Ph:** ......................................................, **email:** ..............................................................................

**9. Category (SC/ST/OBC/Others):**

**10. Educational Qualifications:**

| Exam Passed (10th onwards) | Name of the Institution | Year of Passing | Subjects | Division | % of Marks obtained |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**11. Papers/Books published, if any:**

**12. Positions held relevant to job specification:**

**13. Period of total experience:**

**14. Employment details (Chronologically starting from present/last position):**

**(Signature of the Applicant)**

52

PROFORMA FOR APPLICATION FOR CONTRACTUAL EMPLOYMENT IN BIHAR STATE BIODIVERSITY BOARD

(For Freshers)

| Self attested<br>Passport<br>Size photo |
|---|

**1. Advertisement No:**

**2. Name of the Post:**

**3. Name (in block letters):**

**4. Date of Birth:**

**5. Nationality:**

**6. Father's/Husband's Name:**

**7. Address for correspondence:**

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

**Including telephone:** .......................................................

**Ph:** ........................................................, **email:** ...................................................................

**8. Category (SC/ST/OBC/Others):**

**9. Educational Qualifications:**

| Exam Passed ($10^{th}$ onwards) | Name of the Institution | Year of Passing | Subjects | Divi sion | % of Marks obtained |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**10. Papers/Books published, if any:**

**11. Period of total experience:**

**13. Professional Experience:**

| S.N. | Institute | Worked as | Period |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

**(Signature of the Applicant)**

# PROFORMA FOR APPLICATION FOR CONTRACTUAL EMPLOYMENT IN BIHAR STATE BIODIVERSITY BOARD

**(For Freshers)**

Self attested

Passport

Size photo

**1. Advertisement No:**

**2. Name of the Post:**

**3. Name (in block letters):**

**4. Date of Birth:**

**5. Nationality:**

**6. Father's/Husband's Name:**

**7. Address for correspondence:**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**Including telephone:** ........................................................

**Ph:** ......................................................., **email:** ..........................................................................

**8. Category (SC/ST/OBC/Others):**

**9. Educational Qualifications:**

| Exam Passed (10th onwards) | Name of the Institution | Year of Passing | Subjects | Division | % of Marks obtained |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**10. Papers/Books published, if any:**

**11. Period of total experience:**

**13. Professional Experience:**

| S.N. | Institute | Worked as | Period |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

**(Signature of the Applicant)**